निर्देश | तेज रफ्तार वाहनों पर होगी कार्रवाई, सुधरेंगी बस स्टैंड की व्यवस्था

कलेक्टर द्वारा मोही घाट के ब्लैकस्पॉट स्थल पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने के निर्देश

नव भारत न्यूज
पांढुरना, 24 अगस्त , जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर नीरज वशिष्ठ की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा एवं यातायात समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था, सड़क निर्माण एवं रखरखाव, सड़क सुरक्षा जागरूकता तथा आपातकालीन सेवाओं से जुड़े विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री प्रकाश चंद्र परिहार, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद, एसडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

मोही घाट का होगा तकनीकी ऑडिट, बढ़ाए जाएंगे सुरक्षा उपाय 000

बैठक में एनएच-47 (भोपाल-नागपुर मार्ग) स्थित मोही घाट में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर ने मोही घाट का तकनीकी ऑडिट एवं सुरक्षा जांच कराकर आवश्यक सुधारात्मक उपाय लागू करने के निर्देश दिए। घाट क्षेत्र में बड़े सूचना एवं चेतावनी बोर्ड लगाने, सड़क पर 'गो स्लो' जैसे सुरक्षा संदेश प्रदर्शित करने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अन्य आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया।

मोही घाट के ब्लैकस्पॉट क्षेत्र में अनावश्यक रूप से खड़े होने वाले यात्री वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

आरटीओ को निर्देश 000

आरटीओ को मोही घाट के ब्लैकस्पॉट क्षेत्र में खड़े होने वाले यात्री वाहनों पर कार्रवाई करने के साथ जिले में संचालित स्कूल बसों के फिटनेस, परमिट, लाइसेंस सहित आवश्यक दस्तावेजों की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

केंद्रीय विद्यालय मार्ग के यातायात व्यवस्था की समीक्षा

बैठक में केंद्रीय विद्यालय से परसोड़ी मार्ग पर अंडरपास, पांढुर्णा बायपास (नागपुर रोड) तथा पांढुर्णा बायपास (भोपाल रोड) से संबंधित यातायात एवं सड़क सुरक्षा के विषयों पर भी चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

तेज रफ्तार वाहनों पर होगी कार्रवाई

दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक किलोमीटर पर स्पीड डिटेक्शन सिस्टम लगाने तथा निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज वाहन चलाने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश पुलिस विभाग को दिए गए।

बस स्टैंड की अव्यस्था पर नाराज हुए कलेक्टर

पांढुर्णा बस स्टैंड एवं शहर के प्रमुख मार्गों पर बसों, ऑटो एवं अन्य वाहनों के अनावश्यक रूप से खड़े रहने से यातायात प्रभावित होने की स्थिति पर भी कलेक्टर ने नाराजगी जताई। निर्धारित स्थान एवं समय के अलावा वाहन खड़े करने वालों के विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

दोपहर 12 से 3 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश की व्यवस्था की समीक्षा

दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पांढुर्णा शहर में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बड़े एवं भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। स्कूल, कार्यालय एवं बाजार क्षेत्रों में इस दौरान अधिक आवाजाही को देखते हुए यातायात व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

सौंसर वाघोड़ा से छोटा पंढरपुर धापेवाड़ा के लिए निकली वारी, पारडसिंगा में भक्तों का स्वागत

सौंसर 24 अगस्त .आषाढ़ी वारी के पावन अवसर पर सौंसर वाघोड़ा से छोटा पंढरपुर कहे जाने वाले धापेवाड़ा के लिए पैदल वारी निकली। जय जय विट्ठल, जय हरी विट्ठल के जयघोष के साथ हरिभक्त विट्ठल दर्शन के लिए रवाना हुए।

बोरगांव-पारडसिंगा होते हुए पहुंचेगी धापेवाड़ा
यह पालकी वारी वाघोड़ा से बोरगांव, पारडसिंगा होते हुए सावनेर मार्ग से सीधा श्री क्षेत्र धापेवाड़ा (छोटा पंढरपुर) पहुंचेगी।

पारडसिंगा में भक्तों का भव्य स्वागत : पारडसिंगा में साईं धाम कॉलोनी बस स्टॉप पर भक्तों का जोरदार स्वागत किया गया। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुभाष आमने द्वारा सभी वारकरियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। भक्तों को साबूदाना खिचड़ी और कॉफी पिलाकर उनका सम्मान किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में व्यापारी संघ मित्र मंडली* ने विशेष सहयोग दिया।

रक्तदान शिविर के साथ चल सघन जागरूकता अभियान, रक्त से संबंधित सभी जांच नि:शुल्क कराई गई

नवभारत न्यूज़ सौंसर 24 अगस्त .पवित्र सावन माह के शुभ अवसर पर पुण्य, पवित्र धर्मनगरी अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मोहगांव नगर में अर्धनारीश्वर व्यायाम शाला मोहगांव के सौजन्य से,सिविल अस्पताल सौसर के तत्वाधान में, नगर परिषद मोहगांव के सहयोग से रक्त दान शिविर के साथ सघन जागरूकता अभियान भी संपन्न हुआ ।सिविल अस्पताल सौसर एच .आई .वि. काउंसलर प्रवीण बावनकर, हेमंत कलंबे ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के द्वारा सघन जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें नगर परिषद सी .एम .ओ . राजाराम वरठी और परिषद के सभी कर्मचारियों की जांच की गई साथ ही नगर वासियों की भी जांच कर एच .आई .वि .संबंधी जानकारी और जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही अर्धनारीश्वर व्यायाम शाला मोहगांव के द्वारा नि :शुल्क रक्त जांच शिविर के साथ रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया था जिसमें आज अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु,नगरवासियों की रक्त से संबंधित सभी जांच की गई साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष संदीप घाटोंडे और अन्य 20 व्यक्तियों ने रक्त दान भी किया गया।
सघन जागरूकता , रक्त दान शिविर में जिला अस्पताल की रक्त एकत्रीकरण समूह के साथ सिविल अस्पताल सौसर से है एच .आई .वी . काउंसलर प्रवीण बावनकर,प्रभाकर अहीर,नीरज वर्मा, लैब तकनीशियन विवेक वाढ़ेकर, हेमंत कलंबे,हेमराज बन्देवर,मनीष मोरे, सी .एच .ओ . नंदेवानी पुष्पा पाल डी .ई .ओ .संजय सिरसे,राजेश तिवारी उपस्थित रहे।

आबकारी विभाग ने 300 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट एवं 25 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त

नव भारत न्यूज,पांढुरना,24 अगस्त , कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी .आर . वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त पांढुर्णा द्वारा अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। आबकारी वृत्त पांढुर्णा के अंतर्गत ग्राम घुड़नखापा एवं घोघरी में अवैध शराब के अड्डों एवं संदिग्ध घरों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान नालों एवं जंगल में झाड़ियों के पास पन्नियों एवं ड्रमों में अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब के निर्माण के लिए एकत्रित लगभग 300 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। महुआ लाहन का आवश्यकतानुसार सैंपल लेकर शेष लाहन को निर्मूल्य होने के कारण विधिवत नष्ट किया गया। इसी कार्रवाई के दौरान ग्राम घुड़नखापा में दो संदिग्ध घरों की तलाशी लेने पर लगभग 25 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब बरामद हुई, जिसे जब्त कर आबकारी विभाग के कब्जे में लिया गया। उक्त कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(च) के अंतर्गत कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए हैं। कार्रवाई में वृत्त प्रभारी अनिकेत पटेल, आरक्षक मुकेश राहांगडाले, सुश्री श्रद्धा राहांगडाले एवं अंकुश मरावी उपस्थित रहे।

प्रौद्योगिकी के माध्यम से तैयार करें शिक्षक-छात्र

नागपुर. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) के सही उपयोग के जरिए बेहतर नागरिक, सक्षम शिक्षक और योग्य छात्र तैयार करने के प्रयास किए जाने चाहिए. उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक गांव को श्रमदान के माध्यम से अपने क्षेत्र को बेहतर बनाने का संकल्प लेना चाहिए. उन्होंने यह भी घोषणा की कि मानकर ट्रस्ट के माध्यम से आदिवासी छात्रों को बैट-बॉल सहित विभिन्न खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनकी क्षमताओं के विकास को बढ़ावा मिलेगा.

संबल योजना से पांढुरना जिले के 91 श्रमिक परिवारों को मिली 2 .06 करोड़ की आर्थिक सहायता

नवभारत न्यूज
पांढुरना, 24 अगस्त,मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास 'समत्व' से संबल योजना के तहत सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 9 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में कुल 203 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण कि गई, वहीँ संबल योजना के तहत पांढुरना के 91श्रमिकों के परिवारों को 2 करोड़ 6 लाख की आर्थिक सहायता राशि दी गई ।

भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के जनपद पंचायत के कार्यालय के सभाकक्ष मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा,इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रमिकों के जीवन को आसान बनाना और उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। संबल योजना के माध्यम से जरूरतमंद श्रमिक परिवारों को कठिन परिस्थितियों में आर्थिक संबल उपलब्ध कराया जा रहा है।

पांढुरना जिले के 91 हितग्राहियों को 2.06 करोड़ रुपए : संबल योजना के तहत पांढुरना जिले के भी 91 हितग्राहियों के बैंक खातों में कुल 2 करोड़ 6 लाख रुपए की राशि सीधे अंतरित की गई। मुख्यमंत्री निवास से आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिले में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं हितग्राहियों द्वारा देखा गया। पात्र हितग्राहियों को राशि अंतरण की जानकारी एसएमएस के माध्यम से भी दी गई।

श्रमिक परिवारों को विभिन्न प्रकार की सहायता:
संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत असंगठित श्रमिकों एवं उनके परिवारों को मातृत्व सहायता, शिक्षा सहायता, अंतिम संस्कार सहायता सहित विभिन्न प्रकार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। योजना का उद्देश्य श्रमिक परिवारों को विपरीत परिस्थितियों में आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक संबल प्रदान करना है।

सेवा ही संकल्प . प्रतिदिन सुनते नागरिकों की समस्या

नवभारत न्यूज़
सौंसर 24 अगस्त .आज निवास पर पूर्व जिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहोड ने प्रतिदिन की भांति विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना एवं उनके यथासंभव निराकरण हेतु प्रयास किया ।श्री मोहोड ने नागरिकों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

साँस्कृतिकी युवा मंडल की अनूठी पहल . . .गायन प्रतियोगिता

25 वर्षों से जीवंत है लोकसंस्कृति की धरोहर

नवभारत न्यूज़
सौसर 24 अगस्त.मोबाइल और इंटरनेट के इस आधुनिक दौर में जहां लोग अपनी परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं, वहीं सौसर में सास्कृतिकी युवा मंडल ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अनूठा उदाहरण पेश किया है। स्थानीय लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में रविवार शाम आयोजित भव्य गायन प्रतियोगिता ने एक बार फिर साबित कर दिया

कि संगीत की कोई सरहद नहीं होती और यह दिलों को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन माल्यार्पण के साथ हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय राठी, बीएमओ डॉ. रुपेश बोकडे व्यापारी संगठन प्रमुख दिलीप बागड़े उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संदीप मोहड़ ने कहा, नगर की सास्कृतिकी युवा मंडल द्वारा पिछले 25 वर्षों से इस सांस्कृतिक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाना वाकई सराहनीय और वंदनीय है।

हिंदी, मराठी और पंजाबी गीतों की त्रिवेणी

प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, कुल 31 कलाकारों की उत्साही सहभागिता रही।

जप सामान्य सभा में अधूरी नल-जल योजना पर उपाध्यक्ष की फटकार

सड़क, आंगनवाड़ी और बंटी-बबली के ट्रांसफर पर हुई तीखी चर्चा

नवभारत न्यूज़
सौंसर 24 अगस्त.जनपद पंचायत सभाकक्ष में सोमवार को सामान्य सभा की बैठक जप उपाध्यक्ष नारायण वाडोदे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जप सीईओ प्रियांक मिश्रा, सभापतिगण, जनपद सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

अधूरी नल-जल योजना पर जताई नाराजगी: बैठक में विभिन्न विभागों के

कार्यों की समीक्षा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नल-जल योजनाओं के अधूरे कार्यों को लेकर उपाध्यक्ष श्री वाडोदे ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद योजना का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी कर शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

सड़क और आंगनवाड़ी पर उठे सवाल

लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उपाध्यक्ष ने कहा कि बिछुआ बग्गु, बजाज से राजना मार्ग स्वीकृत होने के बावजूद अब तक शुरू नहीं हो पाया है। सड़क निर्माण में देरी से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। सदस्य डॉ. गुलाबराव पांडे ने आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालय, विद्युत कनेक्शन और बैठक व्यवस्था न होने का मुद्दा उठाया। जप सदस्य भारती चौरे ने सिविल अस्पताल में जरूरत के समय एंबुलेंस उपलब्ध न होने का मुद्दा उठाया। इसके अलावा जनपद के माध्यम से पूर्व में स्वीकृत विकास कार्यों के प्रस्तावों के स्थान परिवर्तन पर भी चर्चा हुई, जिसमें पंढरी, बोरगांव, रामाकोना, उटेकांटा, कोपरवाड़ी कला शामिल हैं।

चर्चित बंटी और बबली का होगा ट्रांसफर

सामान्य सभा में सबसे चर्चित रहा बंटी और बबली का मुद्दा। जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ और क्षेत्र में सुर्खियां बटोर चुके एक महिला लिपिक कर्मचारी और एक पुरुष कर्मचारी को अलग-अलग विकासखंड में स्थानांतरित या अटैच करने का प्रस्ताव पास किया गया ।सदस्यों ने कहा कि इन दोनों के कारण जनपद कार्यालय की बदनामी हो रही है। कार्यालयीन कार्यप्रणाली और प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से दोनों को अलग पदस्थ करना जरूरी है। इस मुद्दे पर बैठक में काफी देर तक चर्चा होती रही।

जीएमआर के बही-खाते पर होगी एमआईएल की निगरानी

नागपुर. बिजनेस रिपोर्टर. डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन जीएमआर के हाथों में जाने के बाद अब सरकारी स्तर पर वित्तीय निगरानी का नया तंत्र तैयार किया गया है. जीएमआर द्वारा वाणिज्यिक संचालन संभालते ही मिहान इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) ने हवाई अड्डे के राजस्व साझाकरण, एसेट हस्तांतरण और वित्तीय अनुपालन के सटीक ऑडिट के लिए स्वतंत्र सीए पैनल नियुक्त करने का फैसला किया है.

जघन्य एवं चिन्हित अपराधों की समीक्षा, कलेक्टर द्वारा दिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश

नव भारत न्यूज
पांढुरना 24 अगस्त , कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर सभाकक्ष में जघन्य एवं चिन्हित अपराधों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने जिले में दर्ज जघन्य एवं चिन्हित अपराधों से संबंधित लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अभियोजन साक्ष्य, गवाहों की स्थिति, न्यायालय में चल रही कार्यवाही तथा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की संभावनाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंभीर एवं चिन्हित अपराधों के मामलों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए तथा प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने आवश्यक साक्ष्य एवं दस्तावेज समय पर न्यायालय में प्रस्तुत करने और अभियोजन कार्यवाही में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

गवाहों की उपस्थिति और समन-वारंट की तामीली पर विशेष जोर

समीक्षा के दौरान पांढुरना न्यायालय में लंबित विभिन्न प्रकरणों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, समन एवं वारंट की तामीली तथा अभियोजन साक्ष्य की कार्यवाही को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

दोषसिद्धि और दोषमुक्ति वाले प्रकरणों की भी समीक्षा

बैठक में चिन्हित प्रकरणों में दोषसिद्धि एवं दोषमुक्ति की स्थिति की भी समीक्षा की गई। वर्ष 2025-26 में चिन्हित जघन्य एवं गंभीर अपराधों के प्रकरणों में हुई दोषसिद्धि एवं दोषमुक्ति की जानकारी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने दोषमुक्ति वाले प्रकरणों में कारणों की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार अपील एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की स्थिति की जानकारी भी ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर,एसडीओपी पुलिस ब्रजेश भार्गव,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पांढुरना उमेश कुशवाह,अतिरिक्त लोक अभियोजक प्रकाश बावने पांढुरना तथा संबंधित थाना एवं अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्रवाई | 16 दुकानों का निरीक्षण, केशवा डेयरी की तीन मशीनें सील

खाद्य एवं मिष्ठान्न दुकानों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई,व्यापारियों में मचा हड़कंप

नव भारत न्यूज
पांढुरना, 24 अगस्त, कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में मिलावट के विरुद्ध निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में एसडीएम पांढुरना श्रीमती अल्का इक्का के मार्गदर्शन में रविवार को राजस्व विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम ने खाद्य एवं मिष्ठान्न दुकानों का निरीक्षण किया। टीम द्वारा जिले में कुल 16 दुकानों की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान खराब, बासी एवं एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री का विनष्टीकरण करने के साथ ही स्वच्छता संबंधी लापरवाही पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान केशवा डेयरी की तीन मशीनें सील की गईं। यहां दूध में मरी हुई मक्खी

पाए जाने के साथ मिठाई में फफूंद मिली तथा लंबे समय से रखी मिठाई का रंग काला पाया गया। टीम ने दुकान से दही के दो जार, करीब आधा किलो मिठाई, 55 लीटर दूध तथा एक्सपायर्ड कैडबरी चॉकलेट की दो यूनिट का विनष्टीकरण कराया। परिसर में गंदगी पाए जाने पर 2 हजार रुपए का स्पॉट फाइन भी लगाया गया।

बासी ग्रेवी और खाद्य सामग्री का कराया विनष्टीकरण
सौदागर होटल में चिकन, मटन एवं प्याज-टमाटर की करीब 15 दिन पुरानी ग्रेवी तथा चना एवं साउजी मसाला की करीब तीन दिन पुरानी ग्रेवी सहित कुल साढ़े 7 किलो ग्रेवी का विनष्टीकरण कराया गया। योगेश उपहार गृह में 24 यूनिट पिज्जा, जिसकी कीमत 1680 रुपए, तथा 17 गिलास लस्सी, जिसकी कीमत 680 रुपए थी, कुल 2360 रुपए की खाद्य सामग्री का विनष्टीकरण कराया गया। यहां से मिठाई के सैंपल भी एकत्रित किए गए। समोसा-कचौड़ी भंडार एवं इंदौर सेव भंडार में गंदगी पाए जाने पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई।

बस स्टैंड की 8 दुकानों का भी निरीक्षण

संयुक्त टीम ने बस स्टैंड क्षेत्र की 8 दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानदारों को नियमित रूप से साफ-सफाई रखने और खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश मौके पर दिए गए।

14 सैंपल लिए, 14,500 रुपए का स्पॉट फाइन

संपूर्ण कार्रवाई के दौरान कुल 14,500 रुपए का स्पॉट फाइन किया गया। इसके साथ ही 08 लीगल एवं 06 सर्विलांस सहित कुल 14 खाद्य सैंपल लिए गए, जिन्हें कुल 38 भागों में एकत्रित किया गया है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल नियमानुसार भेजे जाएंगे ।कार्रवाई कार्यपालक मजिस्ट्रेट पांढुर्णा मोहित गणवीर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सनोडिया, स्वास्थ्य निरीक्षक अजय कड़वे, पटवारीगण एवं नगर पालिका टीम द्वारा की गई।